# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 10 मार्च, 2016/20 फाल्गुन, 1937 (शक् )

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 25**

----

### उठाऊ सिंचाई योजना

***2807 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि कई वर्षों से मझैरना उठाऊ सिंचाई योजना बन्द पड़ी है; यदि हां, तो इस योजना को कब तक चालू कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें; और

(ख) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बन्द पड़ी कूहलों की मरम्मत करके इन्हें कब तक चालू कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

### गौ सदन मनाली

***2808 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगर परिषद मनाली द्वारा एक गौ सदन संचालित किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसमें रखे गये पशुओं की संख्या कितनी है; और

(ग) इस गौ सदन के संचालन हेतु धन का प्रावधान कहां से किया जा रहा है तथा इसके संचालन हेतु बनाये गये नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## वन भूमि उपलब्ध करवाना

*2809 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में शमशान घाटों एवं कब्रीस्तानों हेतु वन भूमि उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय को कब तक लागू किया जायेगा और कितनी-कितनी भूमि उपलब्ध करवाई जायेगी; ब्यौरा दें ?

----

## स्वां नदी का तटीयकरण

*2810 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क)वर्तमान में स्वां नदी तटीयकरण पर कितना खर्च हो चुका है; ब्यौरा दें ; और

(ख) इसका कितना कार्य शेष है तथा इस कार्य हेतु कितनी धनराशि की आवश्यकता होगी; ब्यौरा दें?

----

## ईको टूरिज्म को बढ़ावा

*2811 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में पर्यटन विभाग द्वारा ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कोई नीति बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## भू-बन्दोवस्त

*2812 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में भू-बन्दोवस्त प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) यह सत्य है कि वर्तमान में भू-बन्दोवस्त सैटेलाईट के माध्यम से करवाया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो यह किस स्टेज पर है और कहां-कहां किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की मैटलिंग

*2813 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31-01-2016 तक नगर निगम शिमला द्वारा कितनी सड़कों की मैटलिंग की गई और कितनी की जानी प्रस्तावित है; ब्यौरा सड़कों के नाम सहित दें; और

(ख) इस अवधि के दौरान इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा सड़क के नाम सहित दें?

----

## सी0एच0सी0 शाहपुर

*2814 **श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सी0एच0सी0 शाहपुर को नागरिक अस्पताल बनाने की अधिसूचना जारी की गई थी; यदि हां, तो कब;

(ख) सरकार द्वारा कब इस अधिसूचना को रद्द किया गया; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## उठाऊ पेयजल योजना

*2815 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी उठाऊ पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) Dhara-Shekhal, Karchhari and Khanola व Karasa-Banchhuna की उठाऊ पेयजल योजना को चालू न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## मिलवां फिशरी फार्म

***2816 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मिलवां फिशरी फार्म के पास कितनी भूमि है; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इस फार्म में मछलियों का उत्पादन बन्द हो गया है; यदि हां, तो कारण; और

(ग) इस फार्म में पुनः उत्पादन कब तक शुरू कर दिया जायेगा?

----

## पदपूर्ति

***2817 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत दस वर्षों से चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में तहसील कल्याण अधिकारी का पद रिक्त है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस पद को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## ठेकेदारों को कार्य का आबंटन

***2818 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग ने कितनी स्कीमों को चलाने हेतु ठेके पर दिया है; ब्यौरा स्कीम का ठेकेदार के नाम सहित दें?

----

## अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु योजनाएं

***2819 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष जिला चम्बा में कल्याण विभाग द्वारा SC व ST वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें ?

----

## Filling-up of Vacant Posts

***2820 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that presently all the 16 posts of Pharmacist are lying vacant in Spiti and all the posts of Specialists & Surgeons are also lying vacant in Lahaul & Spiti;

(b) how many PHCs & CHCs have no doctors in Lahaul &Spiti for the last six months;

(c) what steps the Department has taken to fill up these posts in public interest; and

(d) whether the Department has made any arrangement of Heli Taxi or Chopper to Air lift patients from these areas on public demand?

----

## योजनाओं के उद्घाटन

***2821 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कुल कितनी योजनाओं के उद्घाटन किस-किस द्वारा किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) इन योजनाओं में से कितनी योजनाएं 100% पूर्ण हो चुकी हैं व कितनी अधूरी हैं; ब्यौरा दें?

----

## खैर कटान

***2822 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत वित्तीय वर्ष में बच्छरेटु व झण्डुता रेंज में शेष बचे खैरों के कटान हेतु Ten year Felling Programme के अन्तर्गत ठेकेदारों को कटान का कार्य दिया गया; और

(ख) यदि हां, तो इन ठेकेदारों के हिस्से में खैर की कितनी-कितनी मात्रा आई; ब्यौरा दें?

----

## जाली पर अनुदान

***2823 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने बागवानों को ओलों से बचाव के लिए सेब व अन्य फसलों हेतु जाली (net) पर अनुदान राशि (subsidy) देने की नीति बनाई है; और

(ख) यदि हाँ, तो अब तक कितने लोगों को यह अनुदान राशि दी गई; ब्यौरा दें ?

----

## धनराशि का आंबटन

***2824 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्ष 2015-16 में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत नालागढ़ व अर्की मण्डल में ऑप्रेशन व मैंन्टीनेन्स में कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई; और

(ख) इस मद के अन्तर्गत शिमला व नाहन वृत्त को कितनी-कितनी धनराशि दी गई; इन दोनों सर्कलों में कितने-कितने मण्डल हैं; ब्यौरा दें?

----

## Cancer Patients

***2825 Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether Government of India has sanctioned funds for installation of machines for treatment of Cancer patients in IGMC Shimla;

(b) if so, details of amount to be spent be given; and

(c) by when the work of installation of these machines in IGMC will start; details be given?

----

## स्ट्रॉबेरी की खेती

***2826 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) प्रदेश में सरकार द्वारा स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए क्या-क्या प्रोत्साहन दिया जा रहा है; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में इस कार्य हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई व कितने किसानों को लाभान्वित किया गया; ब्यौरा जिलावार, ब्लॉकवार नाम पते सहित दें; और

(ग) सरकार की स्ट्रॉबेरी की खेती के विकास के लिए क्या योजना है; ब्यौरा दें?

----

## सिंचाई/पेयजल योजनाएं

***2827 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 31.01.2016 तक नादौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं;

(ख) इन योजनाओं का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया; ब्यौरा इनकी अद्यतन स्थिति का योजनावार दें; और

(ग) विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन सी योजनाएं ऐसी हैं जिनकी डी0पी0आर0 दिनांक 31.01.2016 तक नहीं बनी; ब्यौरा कारणों का योजनावार दें?

----

## पेयजल योजनाएं

***2828 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन सी पेयजल योजनाएं NABARD के पास Funding हेतु लम्बित है; और

(ख) इन योजनाओं की कब तक स्वीकृति मिलने की सम्भावना है?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

***2829 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2016 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कितने हैण्डपम्प लगाए गए; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं की कितनी डी0पी0आर0 बनी और कितने कार्य शुरू किए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में इस क्षेत्र की कितनी पेयजल व सिंचाई योजनाएं तैयार हैं जिन्हें चालू नहीं किया गया है; ब्यौरा दें?

----

**Staff for Kaza Hospital**

***2830 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that recently Kaza Hospital has been upgraded to 50 Beds; and

(b) if yes, by when the staff for upgraded Hospital will be deployed?

----

**भवन निर्माण**

***2831 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनाटिक्कर के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) इस भवन का निर्माण कार्य कब तक कर दिया जाएगा?

----

**शिमला: 171004.**
**दिनांक: 23 फरवरी, 2016 .**

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**